दिन– बुधवार                                                          दिनांक– 12/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                  अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई विभिन्न पहल की सराहना की है। श्री कुमार आज पटना में संत रविदास जयंती पर विकास मित्रों के लिए आयोजित क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद बिहार से जुड़ी योजनाओं पर नजर रखते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में वंचित वर्ग के उत्थान के लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए चालू वित्तीय वर्ष में इक्कीस अरब बीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान वंचितों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि, ग्रामीण विकास और बुनियादी संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रही है। श्री चौधरी आज पटना में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के विकास में नाबार्ड की भूमिका की सराहना की। श्री चौधरी ने कहा कि नाबार्ड ने बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वित्त पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

———————————————————————

जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया है। वे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दूसरे भाग के दौरान छात्रों के साथ बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए और अगर कोई गलती हो तो घबराना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों के साथ बातचीत का हवाला देते हुए फिल्म अभिनेत्री ने कहा कि छात्रों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहिए और कभी भी दबाना नहीं चाहिए।

---

माघी पूर्णिमा पर आज प्रदेशभर में श्रद्धालु गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में सुबह से ही पवित्र स्नान कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर दान–पुण्य कर रहे हैं। बक्सर, मुंगेर और बेगूसराय के गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। इधर, प्रयागराज महाकुंभ में भी आज अमृत स्नान जारी है। अब तक करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

---

आज संत रविदास की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी जा रही है। संत रविदास प्रसिद्ध भक्त कवि मीराबाई के गुरु थे। उन्होंने जाति का भेदभाव मिटाकर लोगों को एकजुट करने के लिए प्रोत्साहित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। संत रविदास की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। ये सभी प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहे थे।

---

बाढ़ रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी का कपलिंग हुक खुल जाने से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गयी। हादसे में किसी प्रकार की जान–माल की क्षति नहीं हुई है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।